# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## Atomic Energy Education Society

**कक्षा / Class :आठवीं** | **अवधि / Duration :**3:00 **घंटे**

**विषय / Subject :हिंदी** | **अधिकतम अंक / Maximum Marks :80**

---

**सामान्य निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
2) लेख स्वच्छ एवं सुंदर होना चाहिए ।

---

**<u>अपठित बोध</u>**

**प्रश्न 1: अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए - (1X7=7)**

हमारे देश में जातिवाद सबसे जटिल समस्या है। यह समस्या स्वस्थ राष्ट्रीयता के पनपने में बहुत बड़ा बाधक तत्व है। कहना कठिन है कि जाति-प्रथा देश में कब जन्मी। इतिहासकार यह मानते हैं कि जब आर्य भारतवर्ष में आए, उस समय उसका सम्मीलन यहाँ के देशवासियों से हुआ। इस तरह प्रारम्भ में दो ही सांस्कृतिक समूह थे - आर्य और अनार्य। यह भेद जाति का और संस्कृति का था। जो केवल आर्यों और अनार्यों तक ही सीमित नहीं रहा अपितु धीरे-धीरे आर्यों में भी भेद होने लगा और चार जातियों का प्रादुर्भाव हुआ। यह जाति-व्यवस्था व्यवसाय पर आधारित थी, न कि जन्म पर। कालांतर में जाति-प्रथा जन्म और वंश से संबन्धित हो गई। हमारे संविधान के निर्माता यह जानते थे कि जाति-प्रथा और लोकतन्त्र एक साथ नहीं रह सकते हैं। उन्होंने संविधान में इस तरह के नियम बनाए जिसके द्वारा किसी भी नागरिक के विरुद्ध जाति के आधार पर भेद-भाव या पक्षपात न हो सके। यह स्थिति दुखद है कि जातिवाद के अनुसार सभी जतियों के व्यवसाय पूर्व निर्धारित होते हैं। इस प्रकार की व्यवस्था सामाजिक न्याय के विपरीत है। जो भी राष्ट्र का हित चाहते हैं, वे जातिवाद का डटकर मुक़ाबला करें और उसके उन्मूलन में सहयोग दें।

**क) स्वस्थ राष्ट्रीयता के पनपने में बहुत बड़ा बाधक तत्व है-**
अ) भ्रष्टाचार   ब) मँहगाई   स) बेरोजगारी   द) जातिवाद

**ख) प्रारम्भ में कितने सांस्कृतिक समूह थे ?**

अ) एक　　ब) दो　　स) तीन　　द) चार

**ग) कालांतर में जाति-प्रथा संबन्धित हो गई-**

अ) व्यवसाय से　　ब) कर्म से　　स) जन्म और वंश से　　द) धर्म से

**घ) प्रारम्भ में जाति-व्यवस्था किस पर आधारित थी?**

अ) जन्म पर　　ब) व्यवसाय पर　　स) वंश पर　　द) धर्म पर

**ङ) जातिवाद के अनुसार सभी जातियों के व्यवसाय -**

अ) उत्तर निर्धारित होते हैं　　ब) निर्धारित नहीं होते हैं

स) पूर्व निर्धारित नहीं होते हैं　　द) पूर्व निर्धारित होते हैं

**च) गद्यांश के अनुसार हमारे देश में सबसे जटिल समस्या है-**

अ) धर्मवाद　　ब) जातिवाद　　स) साम्यवाद　　द) कर्मवाद

**छ) अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक होगा-**

अ) भारत में जाति-प्रथा　　ब) आर्य-अनार्य संस्कृति

स) जातिवाद की समस्या　　द) सामाजिक भेद-भाव

**प्रश्न 2: अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए-** **(1X7=7)**

शहर की इस भागती-दौड़ती ज़िंदगी में
सुबह होते ही शुरू हो जाती है दौड़।
हर कोई भाग रहा लेकर अपनी दुपहिया, तिपहिया
कोई कार में सवार तो कोई पैदल ही निकल पड़ा
अपने गंतव्य की ओर।
चारों ओर हैं आवाजें कहीं मोटरों के हॉर्न की
कहीं टैंपो, रिक्शा और ठेलों की ठेलमठेल
कहीं ट्रकों की दूर तक लंबी कतार
तो कहीं रेलगाड़ियों की गड़गड़ाहट का शोर।

होती है उठापटक, छोटे-बड़े सामान की
कोई बँधातो कोई खुला
कोई इस हाथ में तो कोई उस हाथ में
हर तरफ धुंध है, चेहरे भी धुँधलाए-से
कोई इंतजार करता है अपनों का
तो कोई डूबा है विछोह के गम में
कोई मुस्कराया है कि घर अपने आया है
इस बीच कोई मिलता है तो कोई बिछुड़ता है
कोई रोता है तो कोई सिसकता है
कोई झिझकता है, तो कोई ठिठकता है।

**क) प्रस्तुत कविता में किस प्रकार की ज़िंदगी का वर्णन किया गया है?**

अ) आनंद से भरपूर	ब) भागदौड़ से भरपूर
स) निष्क्रिय एवं दुखी	द) शांत एवं सुखी

**ख) लोग अपने गंतव्य स्थल की ओर चले जा रहे हैं-**

अ) केवल कार द्वारा	ब) केवल पैदल ही
स) विभिन्न वाहनों से	द) केवल दौड़ते हुए

**ग) कुछ लोगों के मुस्कराने का कारण हो सकता है-**

अ) बिगड़े काम सही हो जाना	ब) अपने घर आना
स) अपना स्वार्थ पूरा करना	द) आराम से बैठना

**घ) लोग किसका इंतज़ार करते हैं?**

अ) दूसरों का	ब) अपनों का	स) परायों का	द) सपनों का

**ङ) लोग किस गम में डूबे हुए हैं?**

अ) मृत्यु के गम में	ब) दुर्घटना के गम में
स) संयोग के गम में	द) विछोह के गम में

**च) किसकी गड़गड़ाहट का शोर सुनाई देता है?**

अ) ट्रकों की	ब) कारों की	स) टैंपों की	द) रेलगाड़ियों की

**छ) कहीं-कहीं किसकी लंबी कतारें दिखाई पड़ती हैं?**

अ) ट्रकों की	ब) कारों की	स) साइकिलों की	द) टैंपो की

## व्याकरण

**प्रश्न 3: निर्देशानुसार प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए- (1X16=16)**

**i) 'सुंदरता' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?**

क) व्यक्तिवाचक ख) जातिवाचक
ग) भाववाचक घ) इनमें से कोई नहीं

**ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है-**

क) प्रसन्नता ख) नाज़ुक ग) पहाड़ घ) लाला

**iii) 'बदलू' भाषा की बात (व्याकरण) की दृष्टि से क्या है?**

क) संज्ञा ख) सर्वनाम ग) क्रिया घ) विशेषण

**iv) 'वश' शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त होता है?**

क) सवारी ख) अधीनता ग) पर्याप्त घ) इनमें से कोई नहीं

**v) द्वंद्व समास में कौन-सा पद प्रधान होता है?**

क) पूर्व पद ख) उत्तर पद ग) दोनों पद घ) अन्य पद

**vi) द्वंद्व समास का उदाहरण है -**

क) यथाशक्ति ख) रसोईघर ग) नीलकंठ घ) दिन-रात

**vii) किसी भी व्यक्ति, स्थान, वस्तु, विचार अथवा भाव को ........................... कहते हैं।**

क) संज्ञा ख) सर्वनाम ग) क्रिया घ) विशेषण

**viii) 'हिमालय पर्वत बहुत ऊँचा है।' इस वाक्य में कौन-सा पद व्यक्तिवाचक संज्ञा है-**

क) हिमालय ख) पर्वत ग) बहुत घ) ऊँचा

**ix) 'बदलू' शब्द कहानी की दृष्टि से क्या है?**

क) क्रिया ख) पात्र ग) संवाद घ) सर्वनाम

**x) संज्ञा के कितने भेद हैं ?**

क) दो ख) तीन ग) चार घ) छः

**xi) 'महान आदमी' में कौन-सा विशेषण है?**

क) गुणवाचक  ख) संख्यावाचक  ग) परिमाणवाचक  घ) सार्वनामिक

**xii) 'फर्स्ट क्लास' में कौन-सा विशेषण है?**

क) गुणवाचक  ख) संख्यावाचक  ग) परिमाणवाचक  घ) सार्वनामिक

**xiii) '<u>राम</u> ने रावण को मारा' रेखांकित पद निम्न में से कौन-सी संज्ञा है ?**

क) व्यक्तिवाचक  ख) जातिवाचक  ग) भाववाचक  घ) कर्मवाचक

**xiv) समास बनता है-**

क) दो वर्णों के मिलने से  ख) दो शब्दों के मिलने से
ख) दो वाक्यों के मिलने से  घ) इनमें से कोई नहीं

**xv) 'द्‌वंद्‌व' का अर्थ है-**

क) दौड़  ख) दान  ग) उड़  घ) होड़

**xvi) द्‌वंद समास के दोनों पद किस चिह्न से जुड़े होते हैं ?**

क) विराम चिह्न  ख) योजक चिह्न  ग) उद्‌धरण चिह्न  घ) पूर्णविराम चिह्न

**<u>पाठ्‌यपुस्तक</u>**

**प्रश्न:4: निम्नलिखित गद्‌यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2×3=6)**

बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक काम था और वास्तव में वह बहुत ही अच्छी चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती ही थीं, आस-पास के गावों के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। परंतु वह कभी भी चूड़ियों को पैसों से नहीं बेचता था। उसका अभी तक वस्तु-विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था। मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा।

क) इस गद्‌यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

ख) बदलू का पैतृक काम क्या था और उसका स्वभाव कैसा था?

ग) वस्तु-विनियम किसे कहते हैं?

**प्रश्न:5) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(2×4=8)**

क) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

ख) 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' किसके नेतृत्व में, किस उद्देश्य से तथा कब हुआ था?

ग) दोषों का पर्दाफ़ाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?

घ) बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी?

**प्रश्न:6) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(2×3=6)**

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।
आए बनकर उल्लास अभी,
आँसू बनकर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे,
तुम कैसे आए, कहाँ चले?

क) कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

ख) दीवानों के बारे में लोग क्या-क्या कहते हैं?

ग) दीवानों के आने और जाने पर लोगों की क्या स्थिति होती है?

**प्रश्न:7) नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए -** **(3×2=6)**

क) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है?स्पष्ट कीजिए?

ख) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी?

ग) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं? पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न:8) पूरक पुस्तिका से नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(3×2=6)**

क) 'भारत की खोज' पुस्तक के लेखक कौन हैं? इस पुस्तक को उन्होने कब लिखना प्रारम्भ किया?

ख) नेहरू जी कारावास के दौरान किसे अपना स्थायी सहचर मानते थे और वह उन्हें क्या याद दिलाता था?

ग) सिंधुघाटी में स्थित मोहनजोदड़ो के एक नगर की क्या विशेषता थी?

**प्रश्न:9) नीचे दिए गए मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(2×4=8)**

**क)** मशीनी युग में अनेक परिवर्तन आए दिन होते रहते हैं? आप अपने आस-पास से इस प्रकार के किसी परिवर्तन का उदाहरण चुनिए और उसके बारे में लिखिए।

**ख)** आपके विचार से हमारे देश के महान विद्वानों ने किस तरह के भारत के सपने देखे थे? लिखिए।

**प्रश्न:10)** "वसंत ऋतु" इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए। **(5×1=5)**

**अथवा**

"अनुशासन का महत्त्व"इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।

**प्रश्न:11)** अपने जन्मदिन पर मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। **(5×1=5)**

**अथवा**

'खेल सामग्री मँगवाने हेतु' प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

***********